हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(षष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

मंगलवार, 27 अगस्त, 2019/5 भाद्रपद,1941(शक्)

[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 34

वॉर मेमोरियल बिलासपुर

***1442 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बिलासपुर वॉर मेमोरियल का निर्माण वर्ष 1997-2000 के बीच किया गया था;

(ख) यह सत्य है कि सरकार ने इसके पुनर्निर्माण हेतु दिनांक 19-05-2018 को स्वीकृति प्रदान की थी; 'एक ईंट शहीद के नाम' कार्यक्रम के अन्तर्गत जन-सहयोग से इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जायेगा; और

(ग) क्या मुख्य मंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी अपना एक दिन का वेतन इस निर्माण कार्य हेतु दान किया है; ब्यौरा दें?

धरवास कृषि फार्म

***1443** **श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि तहसील पांगी के अन्तर्गत धरवास कृषि फार्म कई वर्षों से बन्द पड़ा है; यदि हां, तो कारण तथा सरकार इसे पुनः चालू करने हेतु क्या पग उठा रही है?

बस सेवा

***1444** **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी ऐसी सड़कें हैं जोकि रोड फिटनेस समिति द्वारा पास की गई हैं, इन सड़कों पर सरकार बस चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ख) यह सत्य है कि परिवहन विभाग द्वारा टापरी-शाहतलाई और धनेता-शिमला वाया डंगार रूटों पर उपलब्ध बस सेवा को बदला गया है; यदि हां, तो कारण?

हिमुडा द्वारा प्लाट आवंटन

***1445** **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि हिमुडा ने प्रदेश के कस्बों में प्लाट व मकान हेतु 5000/- रुपये की अग्रिम धनराशि सहित आवेदन लिए थे;

(ख) यदि हां, तो कितने आवेदकों ने आवेदन किया व 31 जुलाई, 2019 तक कितनों को प्लाट व मकान आवंटित किए गए; और

(ग) शेष बचे प्रार्थियों को सरकार कब तक ब्याज सहित धनराशि वापिस लौटाने का विचार रखती है?

ग्रामीण क्षेत्रों हेतु बसें

*1446 **श्री मुलख राज(बैजनाथ) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में नई बसें चलाने हेतु सरकार की क्या योजना है;

(ख) बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में ऐसी कितनी सड़कें हैं जो रोड़ पासिंग कमेटी द्वारा पास हैं; इनमें से कितनी सड़कों पर वर्तमान में कितनी बसें चल रही हैं और कितनी सड़कों पर अभी तक बसें नहीं चलाई जा रही हैं;

(ग) ऐसे कितने रूट हैं जिन पर कुछ दिन बस चलाने के बाद बस सेवा बंद कर दी गई है; और

(घ) परिवहन निगम बैजनाथ की कर्मशाला के निर्माण हेतु सेहल नामक स्थान में भूमि स्थानान्तरण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

Suspension of Panchayat Pradhans

*1447 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Panchayat Pradhans of Gram Panchayats Hallan, Raast and Panog in Development Block Shillai were suspended; date and reason for suspension be given; and

(b) by when they will be reinstated as per the Panchayati Raj Act, if not, reasons thereof?

नालियों का कार्य

*1448 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नेरचौक में नगर परिषद द्वारा निर्मित की जाने वाली नालियों का कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

पदपूर्ति

***1449 श्री पवन कुमार काजल(कांगड़ा) :**
श्री विनोद कुमार(नाचन) :
श्री जवाहर ठाकुर(दरंग) :

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में शिक्षा विभाग में कला, नॉन-मेडिकल तथा मेडिकल स्नातक के कितने पद रिक्त हैं तथा सरकार इन्हें भरने हेतु क्या पग उठा रही हैं; श्रेणीवार ब्यौरा दें?

विधायक ऐच्छिक निधि

***1450 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा दिनांक 31 जुलाई, 2019 तक भी विधायक ऐच्छिक निधि जारी नहीं की गई है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इसे कब तक जारी करेगी?

राजकीय महाविद्यालय दिग्गल

***1451 श्री वीरभद्र सिंह (अर्की):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि राजकीय महाविद्यालय दिग्गल (अर्की) के विज्ञान खण्ड के निर्माण हेतु पर्याप्त धनराशि का प्रावधान होने के बावजूद भी कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है; यदि हां, तो कारण और यह कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

योजनाओं हेतु धनराशि

***1452 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विकास खण्ड आनी के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत थी तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा योजनावार दें?

Employment

***1453 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) what is the total Number Of registered unemployed youths in the State;

(b)since January, 2018 upto 31st July, 2019, how many employment is generated in Public & Private Sectors in the State; details be given;

(c) how many MOUs have been signed by the Government in recent past; details of expected investment be given; and

(d) details of action taken in terms of availability of land and departmental NOCs etc be given?

पंचायत घरों का निर्माण

***1454 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चौपाल, कुपवी व ठियोग खण्डों में विकास खण्ड कार्यालयों एवं पंचायत घरों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें?

पेयजल योजनाएं

***1455 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पेयजल योजनाएं ऐसी हैं जिनका कनेक्शन सीधा नाले से दिया गया है; इस क्षेत्र में स्वच्छ पानी के लिए कितने Filter Tank /Water Tank बनाए गए हैं तथा इन टैकों की सफाई कब-कब की जाती है?

BRICS Project

***1456 Sh. Jagat Singh Negi(Kinnaur) :**
Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the BRICS Project has been closed; if so, reasons thereof; and

(b) if not, during the last two years upto 31st July, 2019, how much funds have been received by the State under BRICS; District & Schemes-wise details be given?

वन्य अभ्यारण्य क्षेत्र

***1457 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सत्य है कि सरकार श्री रेणुकाजी वन्य जीव अभ्यारण्य को अभ्यारण्य क्षेत्र से मुक्त कर रही है; यदि हां, तो कारण; और

(ख) सरकार यहां की उजड़ी हुई लॉयन सफारी को आबाद कराने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Zero Budget Natural Farming

***1458 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state :-

(a) whether any Research and Development has been conducted on zero budget natural farming in Himachal Pradesh by any institution controlled and governed by the State;

(b) if yes, has the work been published; place the title of the research, name of the researcher and that of the publisher on the Table of the House; and

(c) after evolving the theory of zero budget natural farming, where has it been practiced in the climatic conditions of Pradesh and what are its results?

AIIMS का निर्माण

***1459 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में AIIMS के निर्माण हेतु सरकार द्वारा भूमि अधिकृत कर ली गई है; और

(ख) यदि हां, तो इस संस्थान का निर्माण कार्य कब आरम्भ किया जाएगा तथा कितने समय में यह बनकर तैयार हो जाएगा; ब्यौरा दें?

धनराशि की स्वीकृती

***1460 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मनरेगा के अन्तर्गत प्रत्येक पंचायत को कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; कितनी धनराशि व्यय की गई है; ब्यौरा पंचायतवार दें; और

(ख) यह सत्य है कि वर्तमान में मनरेगा के कार्यों के लिए सीमेंट उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है; यदि हां, तो कारण ?

New Bus Stand Hamirpur

***1461 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) by whom and when the foundation stone of New Bus stand at Hamirpur was laid; and

(b) what is the latest position of construction of this Bus Stand?

कौशल विकास केन्द्र

***1462 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में कितने कौशल विकास केन्द्र स्थापित हैं तथा इनके संचालक कौन हैं, नाम व पते सहित ब्यौरा दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक इन केन्द्रों में कितने प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा कितनों को रोज़गार मिला; ब्यौरा दें?

Individual and Community Toilets

***1463 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that households under various Development Blocks are still without toilets; and

(b) how many individual or community toilets have been built under MNREGA from 01.01.2018 upto 31st July, 2019; block-wise details alongwith amount spent be given?

पदपूर्ति

***1464 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चिकित्सा खंड मार्कण्ड के अन्तर्गत पड़ने वाले अस्पतालों में चिकित्सकों तथा पैरा मेडिकल स्टॉफ के कितने पद रिक्त पड़े हैं और सरकार इन पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

सिंचाई एवं पेयजल योजना प्रंधाला-लाहल

***1465 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सिंचाई एवं पेयजल योजना प्रंधाला-लाहल के निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई; इस योजना से कितनी हैक्टेयर भूमि सिंचित की जा रही है; कितने लोगों को पेयजल

सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है; और

(ख) यह सत्य है कि यह योजना बन्द पड़ी है; यदि हां, तो इसे पुनः चालू करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

टांडा-भराड़ी निजी बस रूट

*1466 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) टांडा से भराड़ी निजी बस HP-57A-3535 का रूट परमिट किस वर्ष स्वीकृत हुआ था; क्या यह बस सरकार द्वारा स्वीकृत रूट पर चल रही है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) अगर इस बस के रूट में परिवर्तन हुआ है तो कब हुआ; RTA meeting की प्रति उपलब्ध करवाई जाए; क्या इस बस का रूट वर्तमान में 60%&40% की ratio के मुताबिक है; ब्यौरा किलोमीटर सहित दें?

पंचायतों का विभाजन

*1467 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत दूसरा खाबू, बैहल-पैड़ी, कुम्मी व सिध्याणी की आबादी व भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत इनकी दो-दो पंचायतें बनाने का विचार रखती है?

बायो-कैमिकल वेस्ट प्लांट

*1468 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) ग्राम पंचायत दुगियारी में बायो-कैमिकल वेस्ट प्लांट से स्थानीय जनता को हो रही असुविधा के दृष्टिगत सरकार इस प्लांट को बन्द करने का विचार रखती है; और

(ख) इस प्लांट का संचालक कौन है; नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

राजकीय उच्च पाठशाला धाली बागड़ा

*1469 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय उच्च पाठशाला धाली-बागड़ा में शैक्षणिक सत्र 2018-19 में दसवीं कक्षा में कितने छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे थे; कितने उतीर्ण हुए और कितने अनुतीर्ण हुए; अनुतीर्ण होने का ब्यौरा कारण सहित दें?

Student Central Association

*1470 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Education Minister** be pleased to state whether it is under consideration of the Government to resume the elections of the Student Central Association in the State; if yes, from which session?

भू-सरंक्षण

*1471 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत भू-संरक्षण विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक इस निर्वाचन क्षेत्र में भू-संरक्षण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत और कितनी व्यय की गई है; ब्यौरा कार्यों के नाम सहित दें?

Budget Allocation Under BADP

*1472 **Sh. Jagat Singh Negi(Kinnaur) :**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Central Government has drastically reduced the budget allocation under BADP for H.P.;

(b) at what level the BADP schemes formulated and who are its members; and

(c) whether local MLAs are associated in formulating BADP schemes?

स्वच्छता अभियान

***1473 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला सिरमौर के अन्तर्गत सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत Solid and Liquid Waste Management के लिए किन पंचायतों को कितनी धनराशि आवंटित की गई;

(ख) इसके अन्तर्गत इन पंचायतों में क्या कार्य किए गए तथा इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई, ब्यौरा पंचायतवार दें; और

(ग) वर्तमान में क्या इन पंचायतों में Solid and Liquid Waste Management का कार्य सही तरीके से हो रहा है; यदि नहीं, तो कारण?

Fruit Sale

***1474 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state :-

(a) what concrete steps have been taken by the APMC to implement the provisions of selling the fruit of the farmers by weight as provided by the Himachal Pradesh Agricultural and Horticultural Product Marketing (Development and Regulating) Act 2005 in different market yards and market places in the State;

(b) whether any action been initiated by the APMC against any commission agent for violating the provisions of making deductions in the price of the auctioned fruit after the fall of the hammer; and

(c) is their any provisions in the above Act which gives liberty to the commission agents to deduct 40% from the auctioned price of apple fruit which is marketed in 6 layers packing; if not, what action has been initiated against such erring commission agents?

Leakages in Pipelines

***1475 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state :-

(a) during the last year upto 31.07.2019, how many cases of leakages in pipelines of supply of drinking water have been reported in Palampur Constituency; details be given; and

(b) what measures have been taken by the Government to rectify the problem and by when this problem will be rectified?

Shimla : 171004. **Yash Paul Sharma,**

Dated: 9th August, 2019. **Secretary.**